आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–07 अप्रैल 2024 सान्ध्य समाचार

स्वतंत्र, निष्पक्ष अउर परदरसी चुनाव क सेवा उपलब्ध करावे बदे भारत निर्वाचन आयोग की ओकरि से विकसित प्रौद्योगिकी सुविधा पोर्टल के प्रति लोगों का रूझान बढ़ रहा है। आयोग ने बताया है कि आम चुनाव दो हजार चौबीस की घोषणा के बाद से केवल बीस दिन में ही सुविधा पोर्टल पर तिहत्तर हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। सुविधा पोर्टल के माध्यम से, चुनाव प्रचार अवधि के महत्व को देखते हुए, रैलियां आयोजित करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने, घर–घर जाकर प्रचार, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने और प्रचार सामग्री वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।

आयोग ने कहा प्राप्त अनुरोधों में से चौवालीस हजार छह सौ से अधिक मंजूर किए गए हैं। इस प्रोद्योगिकी के माध्यम से दलों और उम्मीदवारों के लिए समान रूप से सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। आयोग ने यह भी बताया कि इसके जरिये लगभग ग्यारह हजार दो सौ अनुरोध नामंजूर किए जा चुके हैं और दस हजार से अधिक रद्द किए गए हैं। शेष आवेदन अभी प्रक्रियाधीन हैं। आयोग ने कहा है कि सभी हितधारकों को समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए ऑफ लाइन आवेदन भी किए जा सकते हैं।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने आज मऊ जिले का दौरा कर सोशल मीडिया कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रतिभाग किया। उन्होंने घोसी संसदीय क्षेत्र से एनडीए समर्थित भारतीय सुहेलदेव समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अरविंद राजभर की जीत के लिए कार्यकर्ताओं के साथ रणनीति पर विचार विमर्श भी किया । उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति और राष्ट्रनीति सबका साथ , सबका विकास, सबका सम्मान और सबको स्थान है। उधर, केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह ने भी भाजपा के सोशल मीडिया वालंटियर्स को भदोही जिले में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सेना और भाजपा दोनों की सोच एक ही है और दोनों के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।

****

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज गाजीपुर के मोहम्मदाबाद का दौरा कर सजायाफ्ता पूर्व विधायक स्व मुख्तार अंसारी के परिजनों से मुलाकात की । उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति पार्टी की तरफ से संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर किये गये पोस्ट में लिखा कि उन्हें सरकार से उम्मीद है कि वह पूर्व विधायक के मृत्यु के कारणों को सबके सामने लाएगी और उनके परिवार को न्याय मिलेगा। बीते दिनों बांदा जेल में बंद सजायाफ्ता और कई मामलों में विचाराधीन पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का ह्रदय गति रुकने से अस्पताल में निधन हो गया था।

****

विशेष एमपी एमएलए कोर्ट ने बुलंदशहर सदर सीट से भाजपा विधायक प्रदीप चौधरी द्वारा चुनाव प्रचार करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट की तरफ से इस संबंध में निर्वाचन आयोग, जिला निर्वाचन अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा गया है। कोर्ट ने यह आदेश वर्ष दो हजार बाइस में दर्ज आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के एक मामले में कोर्ट में उनके द्वारा उपस्थित न होने पर दिया है।

****

राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र और प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज अयोध्या पहुंच कर श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन पूजन किया । सपरिवार पहुंचे राज्यपाल कलराज मिश्र का महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया और गार्ड ऑफ ऑनर लेने के बाद उन्होंने मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की । इस मौके पर उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन से जुड़े अपने संस्मरण साझा किये और कहा कि अयोध्या के विकास को देखने के बाद उन्हें लगता है कि अब आग्रह किया जा सकता है कि विश्व भर से सर्वाधिक लोग यहां पहुंच कर रामलला का दर्शन करें। वहीं प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि अयोध्या में सरल, सुगम और उच्च कोटि की व्यवस्था की गयी है । उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी चैत्र रामनवमी पर्व पर भी इसी प्रकार की प्रभावशाली व्यवस्था देखने को मिलेगी।

****

वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जर्मन हैंगर लगाने और मैट बिछाने का कार्य पूरा हो गया है। गर्मी को देखते हुए जर्मन हैंगर में ही श्रद्धालुओं के लिए ओआरएस घोल का भी इंतजाम किया गया है। जर्मन हैंगर लगने से ललिता घाट से मंदिर चौक तक दर्शन करने आ रहे श्रद्धालुओं को छांव मिलेगी। साथ ही मंदिर के सेवादार कतारबद्ध श्रद्धालुओं को ओआरएस का घोल नियमित रूप से पिलाएंगे। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि जर्मन हैंगर में सुबह से ही ओआरएस का इंतजाम किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मैट भी बिछाई गई है।

****

भारतीय नववर्ष नव संवत्सर की पूर्व संध्या पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में ओपेन थिएटर मंच से कल शाम सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने बताया कि भारतीय संस्कृति और ज्ञान परम्परा में नव संवत्सर से ही सृष्टि की शुरूआत मानी जाती है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

****